● अभियान चलाकर करीब 10 ट्रक कचरा हटाया गया ● 40-40 कर्मचारियों की 8 टीमें लगाई गई थीं

# अमौसी औद्योगिक क्षेत्र में हुई सफाई

हिन्दुस्तान
असर

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

अमौसी तथा सरोजनी नगर इंडस्ट्रियल एरिया में नगर निगम ने साफ सफाई का काम शुरू करा दिया है। शनिवार को पहले दिन यहां 40-40 कर्मचारियों की कुल आठ टीमें बनाकर सफाई कराई गईं। करीब 10 ट्रक कचरा हटवाया गया, 15 ट्रक कचरा शाम तक और एकत्र हुआ। जो आज हटेगा।

अमौसी तथा सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र में न नगर निगम सफाई करा रहा था और न यूपीएसआईडीसी। नगर निगम इसका हैंडओवर न लेने की वजह से कोई भी काम नहीं कराता था। जबकि यूपीएसआईडीसी ने भी हाथ खींच रखे थे। हिन्दुस्तान ने औद्योगिक क्षेत्र की खबरें प्रकाशित कीं जिसका मुख्यमंत्री तथा शासन के आला अफसरों ने संज्ञान लिया।

कमिश्नर रंजन कुमार को शासन ने औद्योगिक क्षेत्रों में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने का निर्देश दिया था। जिसके बाद उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की तथा सभी औद्योगिक क्षेत्रों में नियमित सफाई का निर्देश दिया था। नगर निगम को इन क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया था। जिसके तहत शनिवार से नगर निगम ने अभियान शुरू करा दिया। पहले दिन अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया तथा सरोजनीनगर में अभियान चलाया गया। जोनल अधिकारी सुभाष त्रिपाठी की निगरानी में पूरे दिन सफाई अभियान चला। उन्होंने बताया कि पहले दिन इन दोनों क्षेत्रों से करीब 10 ट्रक कचरा हटाया गया है। काफी कचरा शाम तक और एकत्र हुआ है। इसे कल हटवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई का अभियान यहां लगातार चलता रहेगा। नगर निगम जोन पांच के जोनल अधिकारी सुभाष त्रिपाठी ने बताया कि अभियान सात दिन चलेगा।



अमौसी औद्योगिक क्षेत्र में अभियान चलाकर सफाई करते नगर निगम कर्मी ● हिन्दुस्तान

### 320 सफाईकर्मी और दो दर्जन छोटी गाड़ियां लगी थी

यहां साफ सफाई के लिए नगर निगम ने कुल 320 सफाई कर्मचारी लगाए थे। सभी आठ जोनों से 40-40 सफाई कर्मचारियों की टीमें बनाई गई थी। उन्होंने सुबह से काम शुरू किया। और अपरान्ह तक लगातार सफाई का काम चला। इससे काफी कूड़ा एकत्र हो गया है। जहां ज्यादा गंदगी थी वहां अब औद्योगिक क्षेत्र साफ सुथरा दिखने लगा है। उद्यमियों ने इसके लिए हिन्दुस्तान अखबार की तारीफ की।